






नवभारत
इंदौर, सोमवार, 12 जनवरी, 2026



# मेघनगर के दशहरा मैदान पर हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन

▶ विश्वकर्मा मंदिर से निकली कलश एवं शोभायात्रा, हिंदू समाज को संगठित रहने का दिया संदेश





**मेघनगर:** रविवार को दशहरा मैदान पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। संघ के 100 साल की यात्रा और सामाजिक समरसता के भाव को प्रगाढ़ करने के लिए समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी जातियों, पंथ और मान्यताओं को मानने वाले लोगों ने सामुहिक रूप से सहभागिता की। हिंदू सम्मेलन के उत्साह में व्यापारियों ने दोपहर तक अपना करोबार बंद रखा।

हिंदू सम्मेलन के निम्मित श्री विश्वकर्मा मंदिर से कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। भगवा ध्वज की अगुवाई में निकली यात्रा की अगुवाई मुख्य अतिथि श्री संत श्री रघुवीर दासजी महाराज, एवं नगर के मंहत श्री ब्रदीदासजी महाराज ने की। जात पात की करो बिदाई हिंदू हिंदू भाई भाई के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा का रामदल अखाडा झाबुआ नाका, सेवा बस्ती, शिवाजी चौक, शंकर मंदिर मार्ग, आजाद चौक, पेट्रोल पंप चोराहा, बस स्टेशन सहित कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया गया। अतिथियों एवं मुख्य वक्ता ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ किया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का अभिवादन कर उनका परिचय कराया गया। नगर के डॉ शेलेक्सी वर्मा ने सु मधुर स्वर में गणेशजी के भजन की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर एवं अन्य विद्यालय के विद्यार्थीयों द्वारा सुंदर सामुहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

**भगवान भी तरसते हैं मानव देह के लिए**–राजस्थान से पधारे गो सेवक श्री रघुवीर दासजी महाराज ने कहा कि आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है। यह हर्ष का विषय है कि देश, धर्म और समाज के लिए काम करने वाला संगठन आज शतायु हो चुका है। हम धर्म को मानते जरूर है किंतु इसका वैभव भूल चुके हैं। धर्म के लिए इस धरा पर भगवान राम कृष्ण ने नर देह मे जन्म लिया उसी धर्म की रक्षा के लिए हम समय नहीं दे पा रहे। उन्होनें कहा कि गाय की रक्षा होगी तो ही धर्म बचेगा। यह नसीब की बात है कि हमें मानव देह मिला है, देवता भी इसके लिए तरसने हैं, ऐसे में हम धर्म की रक्षा से विमुख हुए तो हमारा जीवन व्यर्थ हो जायेगा। हिंदू तिलक जरूर लगाए यहीं हमारी पहचान है। मेघनगर का नाम अच्छे कामों के लिए जाना था किंतु पिछले दिनों कुछ विधर्मी लोगों ने सजेली के जंगल में गो माता पर जो अत्याचार किया, जो हत्याएं की उससे झाबुआ जिला कलंकित हो गया है। जिस वन भूमि पर गो माता का रक्त गिरा उस भूमि पर विशाल गो अभ्यारण विकसित करने की मांग शासन प्रशासन से करे तभी यह कलक धुल पायेगा।

**संघ के 100 साल की यात्रा**–मुख्य वक्ता दिनेश गुप्ता ने कहा कि 1925 में शुरू हुआ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ आज विशाल वट वक्ष बन चुका है। 100 साल की इस यात्रा में कई उतार चडाव आए। स्वयं सेवकों के त्याग, बलिदान और संघर्ष के कारण आज हिंदू स्वयं को गर्व से हिंदू कह पा रहा है।



## गौ माता के सफल ऑपरेशन से लोगों में खुशी

**सरदारपुर** । पशु चिकित्सा विभाग की त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही से एक गाय की जान सफलतापूर्वक बचाई गई। ब्लॉक वेटेरिनरी ऑफीसर सरदारपुर डॉ. दिलीप गामड़ के नेतृत्व में गठित पशु चिकित्सा सर्जरी टीम द्वारा यह जटिल ऑपरेशन किया गया, जिसमें मुख्य सर्जरी एवं संपूर्ण ऑपरेशन का मार्गदर्शन डॉ. दीपक बामनिया (स्र्लृस्र् सर्जरी, रिंगनोद) द्वारा अत्यंत दक्षता एवं कुशलता के साथ किया गया। टीम में डॉ. मीनाक्षी डावर (वेटेरिनरी सर्जन, सरदारपुर), सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सुनीता डामोर, ममता भयडिया एवं आयशा खान शामिल रहीं। गाय की मालकिन गौरी बाई गाय को प्रसव में आ रही समस्या की सूचना श्री राकेश अवस्थी को दी गई, जिन्होंने तुरंत डॉ. दिलीप गामड़ से संपर्क किया। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सा टीम मौके पर पहुंची और विशेषज्ञों के निर्देशन में सफल ऑपरेशन संपन्न किया गया। ऑपरेशन के दौरान राकेश अवस्थी, राहुल मुन्नालाल यादव, श्री विजय अमृत यादव, राहुल ताराचंद यादव तथा परवेज लोदी का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर में

### देव ने किया अंडर-18 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन



**सरदारपुर** । डीसेंट क्रिकेट अकैडमी राजगढ़ के होनहार खिलाड़ी देव वसुनिया ने अंडर-18 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए झाबुआ सीनियर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टीम में चयनित होकर अकैडमी और जिले का नाम रोशन किया है। झाबुआ की टीम से देव वसुनिया 12 तारीख से इंदौर में आयोजित होने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर डीसेंट क्रिकेट अकैडमी की ओर से देव वसुनिया एवं उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमें पूर्ण विश्वास है कि देव आगे भी इसी लगन, मेहनत और अनुशासन के साथ सफलता की नई ऊँचाइयों को छुएंगे।

### विवेकानंद जयंती समारोह में किया माल्यार्पण




**धार** । लालबाग परिसर में 60 प्लस लालबाग ग्रुप ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वामी जी के जन्मोत्सव पर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार ने का संकल्प लिया, स्वामीजी के मार्गदर्शन पर चल कर सेवा और सदभावना का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री श्यामजी अग्रवाल, नारायणकुबेर जोशी, प्रविण गोधाजी ओमजी अग्रवाल, नंदकिशोर उपाध्याय, महेश माहेश्वरी, रमेश जोशी का भाई पीठावाला, सभी वरिष्ठजनों के सानिध्य में मनाया। मिडिया प्रभारी मनिष सिसोदिया ने यह जानकारी दी।

### जनप्रतिनिधियों ने किया जल अभिषेक

**सरदारपुर**. सरदारपुर नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा भगवान श्री भोलानाथ जी का छावनेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया लगभग एक हजार वर्ष पूर्व दिन 8 जनवरी 1026 को क्रूर मुस्लिम आक्रांत मेहमूद गजनवीं ने सोमनाथ जी मंदिर पर हमला किया था जिसमें सोमनाथ जी मंदिर की रक्षा में 50 हजार से अधिक पुजारियों और सनातनियों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था उन सभी महान आत्माओं की याद में भगवन श्री भोलानाथ जल अभिषेक किया। पूर्व विधायक वेल सिंह भूरिया सरदारपुर मंडल अध्यक्ष ओंकार लाल जाट वरिष्ठ नेता राजेंद्र गर्ग पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेश भाबर जिला उपाध्यक्ष रोमा धर्मेंद्र मंडलोई जन भागीदारी अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडलोई सरदारपुर नगर परिषद वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद ज्योति युवराज सिंह पवार पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर मारू जुझार सिंह डागी आदि मौजूद रहे.

### त्रि-दिवसीय ब्रह्मज्ञान आत्म कल्याण शिविर 30 जनवरी से 1 फरवरी तक





**झाबुआ** । स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर आगामी 30 जनवरी से 1 फरवरी तक तीन दिवसीय ब्रह्मज्ञान आत्म कल्याण शिविर का आयोजन श्री प्राणनाथ ज्ञानपीठ सरसावा (उप्र) एवं इंडिया बुक ऑफ रेकार्ड से सम्मानित परम पूज्य राजन स्वामी के सानिध्य में किया जाएगा। श्री राजन स्वामी शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा यूके विदेश से वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. प्रवीण बत्रा एवं गुजरात राजकोट से ज्योत्सना बहन भी विशेष रूप से पधार रहे है। उक्त तीन दिवसीय विशेष शिविर को लेकर 11 जनवरी, रविवार दोपहर 12 .30 बजे से अंबा रिसोर्ट पर आयोजन की आमंत्रण-पत्रिकाओं एवं प्रचार-प्रसार सामग्रीयों का विमोचन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें अतिथि के रूप में श्री प्राणनाथ ज्ञानपीठ सरसावा (उप्र) से पधारे आचार्य श्री सूर्यप्रतापजी, आचार्य श्री विजयजी, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, पूर्व आईएएस अधिकारी सूरज डामोर, सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर एवं भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनोज अरोरा उपस्थित रहे। प्रारंभ में कार्यक्रम का संचालन करते हुए आयोजन समिति से जुड़े निलेश परमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य मनुष्य को स्वयं की पहचान करवाकर एक पूर्ण ब्रम्ह परमात्मा कौन है, मानव कौन है, मावन का सर्वोपरि लक्ष्य क्या है ... ?, इसका बोध करवाया जाएगा। शिविर में 30 जनवरी को अंबा रिसोर्ट पर वाणी किर्तन ब्रम्हवाणी चर्चा सुबह 9 से दोपहर 1 बजे बाद दोपहर 1 से 2 बजे तक भोजन प्रसादी, द्वितीय दिवस 31 जनवरी को दोपहर 2 .30 से शाम 6 बजे किर्तन ब्रम्हवाणी चर्चा बाद शाम 6 से 7 बजे तक भोजन प्रसादी पश्चात् पुन: रात्रि 8 से 11 बजे तक सत्संग-किर्तन और ब्रम्हवाणी चर्चा का आयोजन होगा। 1 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक वाणी किर्तन और ब्रम्हवाणी चर्चा तथा दोपहर 1 से 2 बजे तक भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। तीन दिवसीय शिविर में बाहर से पधारे अतिथि वक्ताओं द्वारा उपस्थित शिवरार्थियों को मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य बताने के साथ ब्रम्ह ज्ञान से परिचय करवाया जाएगा एवं ब्रम्हज्ञान सुनकर जीवन को कैसे सफल बनाए, पर मार्गदर्शित किया जाएगा।

## युगों-युगों से पर्यावरण का संरक्षण कर रहे जनजाति बंधु



**डही** । युगों युगों से पर्यावरण का संरक्षण के कार्य में देश के वनवासी जनजाति के लोगों ही अग्रसर कोई है वह जनजाति बन्धु ही है उक्त प्रेरक उद्गार डही में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के विभाग प्रचारक दिनेश जी तेज़रा ने व्यक्त किए साथ आप ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तृत से जानकारी दी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शादाब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर 11 जनवरी रविवार को 1008 श्री महंत कमल दास महाराज जी की पावन नगरी डही ने इतिहास रच दिया स्थानीय उप धान मंडी परिसर में नगर स्तरीय विराट एवं समाज को प्रेरणा देने वाला हिन्दू सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि सामाजिक चेतना संगठन शक्ति और सांस्कृतिक विरासत आज भी जीवित है.

आयोजन में शामिल होने वाले मंचासिन तिजारा जी के साथ समाज सेवी नरेन्द्र सिंह गोहिल, नगर सिंह सुरानी, बहादुर सिंह वर्मा, ज़ेहतर सिंह सोलंकी, अगर सिंह नटवर गोयल, लोकेश पाटीदार, बबीता शांतिलाल मालवीया, आदि और भी अतिथि उपस्थित थे . थाना प्रभारी दिलीप तड़ेवाल पुलिस मोबाईल वाहन से नगर के साथ आस पास के क्षेत्र सुबह से गस्त करते रहे तथा कार्य क्रम स्थल पर भी श्री तड़ेवाल दल बल के साथ मुस्तैद रहे.

कार्यक्रम में शामिल होने हेतु प्रात: 8 बजे से नए बस स्टैंड स्थित नील कंठेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में जन समूह एकत्रित हुए यहां आयोजक समिति द्वारा अल्पाहार के लिए चाय नाश्ता रखा गया था पश्चात 10 बजे बड़ी संख्या में जनशैलाब हाथमे भगवा धर्म ध्वज, झंडी पताका आदि लिए हुए ढोल बजाने के साथ संगठित हिन्दू समर्थ भारत, भारत माता कि जय वन्दे मातरम आदि गगन भेदी जय घोष लगाते तथा राम नाम संकीर्तन करते हुए चल समारोह के रूप में सदर बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे डही के हिन्दू सम्मेलन ने इतिहास रच दिया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8 बजे हुआ इस दौरान नगर को भगवा मई बनाया गया था कार्यक्रम को देखते हुए हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना साकार होती प्रतीत हो रही थी पश्चात सामाजिक समरसता भोज भी रखा गया था इस दौरान जाती भेद भाव भूल कर सभी हिन्दू जानो ने एक पंगती में बैठ कर सह भोज किया।

## दूषित पानी से मौतों के विरोध में युवा कांग्रेस का सत्याग्रह

**आलिराजपुर** । इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के सेवन से 20 नागरिकों की मौत के विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा पलासिया चौराहे पर शुरू की गई सप्ताहिक क्रमिक भूख हड़ताल एवं सत्याग्रह अनशन का सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा।

सत्याग्रह के दूसरे दिन आलीराजपुर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज रावत पटेल इंदौर पहुँचे और स्वयं अनशन पर बैठकर आंदोलन में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक युवा कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।युवा कांग्रेस ने इस दर्दनाक घटना को प्रशासन की घोर एवं जानलेवा लापरवाही का परिणाम बताया। संगठन का कहना है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण 20 परिवारों को अपूरणीय क्षति उठानी पड़ी है, जिसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी।

युवा कांग्रेस की प्रमुख मांगें—प्रत्येक मृतक के परिवार को ?1 करोड़ का मुआवजा दिया जाए, नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तत्काल इस्तीफा दें, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा जाए

युवा कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा तथा आगामी चरण में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान सहित युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## पेटलावद में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

▶ 12 से 16 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए विशेष शिविरों का होगा आयोजन

**पेटलावद** । कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में विकासखंड पेटलावद में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना रहा।

बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, प्रथम त्रैमास में प्राथमिकता के आधार पर एएनसी पंजीयन, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं उपचार, चार अनिवार्य एएनसी जांच, नवजात शिशुओं की गृह भेंट (।।क्र्ढ्ढष्ट), गर्भवती महिलाओं की ई-केवाईसी एवं डीबीटी की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही एनसीडी स्क्रीनिंग एवं उपचार तथा टीबी स्क्रीनिंग की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कुपोषित बच्चों की पहचान, गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती किए जाने तथा संबंधित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि जिले में 12 से 16 जनवरी 2026 तक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग आर.एस. बघेल, सहायक संचालक अजय चौहान, डीपीएम आर.आर. खन्ना, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. अनिल राठौर, सीबीएमओ डॉ. एम.एल. चोपड़ा, सीडीपीओ अजय तिवारी स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर मेडिकल अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, आशा सहयोगिनी, आशा कार्यकर्ता तथा महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला कार्यालय पर जिला पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की समस्याओं से होंगे रूबरू

**झाबुआ। भाजपा जिला कार्यालय पर जिला पदाधिकारी अब जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याओं और उन्हें धरातल स्थल पर कार्य करने में होने वाली परेशानी के निराकरण के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने प्रति सप्ताह वार के अनुसार जिला पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उक्त जिला पदाधिकारी निर्धारित वार एवं निर्धारित समय दोपहर 11 से 3 बजे तक भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को जानने हेतु उपस्थित रहेंगे।**

जानकारी देते हुए भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोहर मोदी ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय पर प्रत्येक सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, जिला उपाध्यक्ष आरती भानपुरिया एवं सुभद्राबेन पाटीदार, प्रत्येक मंगलवार को भाजपा जिला महामंत्री गौरव खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष रामेश्वर नायक एवं जिला मंत्री इंदुबाला डामोर, प्रत्येक बुधवार को भाजपा जिला महामंत्री विजय चौहान, जिला उपाध्यक्ष मदन भूरा एवं जिला मंत्री जगदीश बड़दवाल, प्रत्येक गुरूवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, जिला उपाध्यक्ष हेमंत भट्ट एवं जिला उपाध्यक्ष माया सोलंकी, प्रत्येक शुक्रवार को भाजपा जिला महामंत्री राजेश वसुनिया, जिला उपाध्यक्ष दुर्गादास मोटापाला एवं जिला मंत्री लालचंद गाहरी, प्रत्येक शनिवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष महावीर भंडारी एवं जिला मंत्री सुनीता भूरिया तथा प्रत्येक रविवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष समर्थ उपाध्याय, जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा एवं जिला सह-कोषाध्यक्ष अर्पित कटकानी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोहर मोदी एवं जिला सह-कार्यालय मंत्री रजनीश गामड़ प्रतिदिन मौजूद रहेंगे।

## 72 घंटे में पुलिस ने सुलझाया अंधे कत्ल का मामला, तीन गिरफ्तार

**आलीराजपुर** । थाना जोबट पुलिस ने उल्लेखनीय तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए ग्राम निमथल में घटित नाबालिग बालक की जघन्य हत्या के मामले का मात्र 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी जोबट श्री रविन्द्र राठी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को प्राप्त हुई।

दिनांक 06 जनवरी 2026 को थाना जोबट क्षेत्र के झिकरी बयड़ी, ग्राम निमथल में एक अज्ञात बालक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहाँ प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हुआ।शव की पहचान करण पिता राकेश रावत, निवासी निमथल के रूप में हुई।मृतक के पिता ने बताया कि 04 जनवरी 2026 की रात करण गांव में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम (नाच-पाटला) में गया था, जिसके बाद से वह लापता था। सूचना पर थाना जोबट में अपराध क्रमांक 12/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से रक्त-रंजित पत्थर बरामद किया। तकनीकी विश्लेषण एवं स्थानीय मुखबिर तंत्र की सहायता से संदेहियों की पहचान की गई।जांच में सामने आया कि मृतक को अंतिम बार गांव के सुशील के साथ देखा गया था। वहीं दूसरा संदेही दिलीप घटना के बाद से मोबाइल बंद कर गुजरात फरार हो गया।कड़ी पूछताछ में सुशील ने अपने साथियों दिलीप और कैलाश के साथ मिलकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।आरोपियों ने बताया कि उन्होंने करण को सिगरेट और ताड़ी का लालच देकर गांव के बाहर बुलाया और पत्थर से सिर कुचलकर उसकी नृशंस हत्या कर दी।इस जघन्य अपराध के पीछे तीन गहरे विवाद सामने आए

मृतक द्वारा पूर्व में आरोपी दिलीप के परिजनों के विरुद्ध ग्राम पंचायत में गवाही देना। मृतक के पिता और आरोपी सुशील के परिवार के बीच पुराना घरेलू विवाद।

## आदर्श कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस मनाया, वक्ताओं ने रखे अपने-अपने विचार


**झाबुआ। स्व. दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्था प्राचार्य प्रो. पीके उछावर के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा विश्व हिंदी दिवस मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वतीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसमें विद्यार्थियों के साथ खुले संवाद का आयोजन हुआ। वक्ता के रूप में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रगति मिमरोट एवं डॉ. मधुबाला मारू ने हिंदी की ऐतिहासिकता, वर्तमान स्थिति और हिंदी का भविष्य विषय पर अपने विचार रखे। साथ ही इस संबंध में विद्यार्थियों के विचार जाने। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए और हिंदी से जुड़ी रोजगार की संभावनाओं पर भी जिज्ञासा जाहिर की तथा उसका समाधान पाया। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### पीड़िता के परिजनों की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## पुलिस आरक्षक ने की नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म करने की कोशिश



**झाबुआ**। स्थानीय डीआरपी लाईन में पदस्थ एक पुलिस आरक्षक मंगलेश पाटीदार ने 10 जनवरी, शनिवार शाम एक नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़ित बालिका के परिजनों द्वारा पुलिस थाने पर रिपोर्ट करने पर पुलिस ने आरोपी पुलिस आरक्षक के खिलाफ छेडछाड़ एवं पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफतार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

पूरा मामला इस प्रकार है कि आरोपी पुलिस आरक्षक मंगलेश पाटीदार डीआरपी लाईन में पदस्थ था और डीआरपी लाईन में ही पुलिस विभाग के क्वार्टर में रह रहा था। आरोपी मंगलेश पाटीदार ने पास के ही एक अन्य पुलिसकर्मी के क्वार्टर में निवासरत नाबालिग बालिका को बहसा-फुसालकर कपड़े उतारकर दुष्कर्म के प्रयास किए, इससे पूर्व ही बालिका की माता द्वारा पुलिस आरक्षक को रंगे-हाथों पकड़ लिया गया। बाद इसकी शिकायत पुलिस थाने पर परिजनों द्वारा की गई। पुलिस द्वारा आरोपी पुलिस आरक्षक मंगलेश पाटीदार के खिलाफ छेडछाड़ एवं पाक्सो एक्ट के एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफतार कर लिया है। बाद उसे जिला न्यायालय में पेश किया गया।

उल्लेखनीय है कि आरोपी मंगलेश पाटीदार पूर्व से ही आपराधिक प्रवत्ति का होकर 7-8 वर्ष की मासूम बालिका के साथ पहले भी छेडछाड़ और गलत कृत्य करने के प्रयास कर चुका है। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपालसिंह महोबिया ने पुलिस थाने पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की। वहीं इस घटना पर कई संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है एवं आरोपी पुलिस आरक्षक को तत्काल ही निलंबित कर उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।